नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **3**

No. of Printed Pages – **8**

# SS-32-SH.HD. (Hindi) (Supp.)

## हिंदी शीघ्रलिपि

## (SHORTHAND HINDI)

## उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2020

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 40**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) तीनों खण्ड एक ही बैठक में लिखाये जायें ।

(3) प्रथम एवं द्वितीय खण्डों तथा द्वितीय एवं तृतीय खण्डों के बीच में **5-5** मिनट का मध्यान्तर दिया जाये । तीनों खण्डों के संकेत लिपि श्रुतलेखों के हिंदी अक्षरीकरण के लिए **2¾** घंटे का समय दिया जाए ।

(4) केवल निम्न विराम-चिह्न ही लगाएँ :

पूर्ण विराम, अर्द्ध-विराम और प्रश्न-चिह्न एवं कोष्ठक ।

(5) संकेत लिपि पेन्सिल से लिखा जाए तथा उसका अनुवाद हिंदी में टंकण यंत्र/कम्प्यूटर से ही टंकित किया जाए । हाथ से लिखा मान्य नहीं होगा ।

(6) संकेत लिपि में लिखा हुआ श्रुतलेख उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कर दिया जाए ।

(7) संकेत लिपि के **20%** अंक रखे गये हैं ।

(8) खण्ड **प्रथम 4** मिनट, खण्ड **द्वितीय 5** मिनट तथा खण्ड **तृतीय 7** मिनट लिखवाने के रखे गए हैं । प्रत्येक खण्ड **80** शब्द प्रति मिनट की गति से बोला जाए ।

**प्रथम खण्ड**

(इसे **80** शब्द प्रति मिनट की गति से लिखा जाए)

नगर निगम के अध्यक्ष को पत्र

(गन्दगी की शिकायत)

सेवा में,

श्रीमान महापौर

मितांषी नगर निगम

महोदय,

आपकी / सेवा में नगर निगम के कर्मचारियों के सम्बन्ध में कुछ पंक्तियाँ **¼**
विचारार्थ उपस्थित कर रहा हूँ । आशा हैं, आप / इसपर ध्यान देते हुए आवश्यक **½**
कार्यवाही करने की कृपा करेंगे ।

मितांषी नगर राष्ट्र का एक महा नगर है । / यहाँ देश–विदेश के यात्री नित्य प्रति **¾**
आते–जाते रहते हैं । बाजारों, मार्गों और गलियों में // स्वच्छता नितांत आवश्यक **1**
है । नगर निगम का कार्यालय भी बहुत दूर व बड़ा है, जिनमें हजारों कर्मचारी प्रतिमाह **1¼**
/ वेतन लेते हैं । फिर भी न मालूम अपने कार्य की वे क्यों उपेक्षा करते हैं ।

मैंने सब्जी मण्डी के / पास अनेक बार देखा है कि सफाई कर्मी बाहर से कचरा **1½**
लाकर सड़कों के किनारे जमा कर देते हैं । / जानवर बिखेरते रहते हैं । मल पर बैठी **1¾**
मक्खियाँ खाद्य पदार्थों की दुकानों पर जा बैठती हैं, जिससे सार्वजनिक // स्वास्थ्य **2**
पर बुरा प्रभाव पड़ता है ।

यह भी देखा गया है कि गंदी नालियों का पानी कई बार सड़कों / पर बहता **2¼**
रहता है । आने जाने वालों को एक ओर तो उसे पार करने में कठिनाई होती है, / **2½**
दूसरी ओर दुर्गंध के मारे नाक में दम आ जाता है । नगर निगम के कर्मचारी उसे देख
कर अनदेखी / कर देते हैं । इस विषय में उनसे कहा भी जा चुका है, किन्तु इसपर वे **2¾**
हर बार कहते // हैं कि 'कार्यालय में शिकायत करो' । क्या नगर निगम का प्रबन्धन **3**
ऐसे ही होना चाहिए ?

अतः/ आपसे कर जोड़ निवेदन है कि इस दुखी जनता के कष्टों पर गम्भीरता से 3¼
विचार करते हुए निगम के / कार्यरत कर्मचारियों को कर्त्तव्य पालन के लिए प्रवृत्त 3½
करेंगे । साथ ही नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग से संबंध रखने / वाले अधिकारियों 3¾
को इसकी जाँच एवं निरीक्षण का आदेश देंगे ।

भवन्निष्ठ,

मुस्कान प्रकाश

दिनांक सब्जी मण्डी

मितांषी नगर // 4

### द्वितीय खण्ड

(इसे **80** शब्द प्रति मिनट की गति से लिखा जाए)

कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा म.प. भोपाल

क्रमांक : शिवि भोपाल / प्रारं / एस आई क्यू ई / 2019 // 1561 दिनांक : 05/8/19 1/4

### परिपत्र

**विषय : एस आई क्यू ई के अन्तर्गत लेब विद्यालय के सुदृढ़ीकरण एवं / 1/2**
**विकास के क्रम में ।**

निःशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 के अनुसार राज्य में
गुणवत्तापूर्ण / शिक्षा एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु एस आई क्यू ई कार्यक्रम के 3/4
अन्तर्गत सी सी ई, सी सी // पी एवं ए बी एल आधारित शिक्षण प्रक्रिया संचालित है । 1
शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सभी जिलों में एस आई / क्यू ई की क्रियान्विति के मद्देनजर लेब 1¼
विद्यालय का सुदृढ़ीकरण एवं विकास किया जा रहा है ।

प्रत्येक जिले में / वर्ष 2019-20 से प्रतिवर्ष 6-6 (3 आदर्श एवं 3 उत्कृष्ट) 1½
विद्यालयों का चयन किया गया / है । इसी क्रम में चयनित विद्यालयों को डाइट के संकाय 1¾
सदस्यों द्वारा संबंलन प्रदान किया जाता है ।

इन // विद्यालयों को नियमित संबंलन प्रदान करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय केन्द्र के रूप 2
में विकसित किया जाना है । डाइट द्वारा / चयनित विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण हेतु जिले के 2¼
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, सहायक निदेशक
स्कूल / शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा, जिला शिक्षा 2½
अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, अतिरिक्त जिला / शिक्षा अधिकारी 2¾
(प्रारम्भिक / माध्यमिक शिक्षा), अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा
अभियान, मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी // स्कूल शिक्षा, अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा 3
अधिकारी स्कूल शिक्षा एवं संदर्भ व्यक्ति समग्र शिक्षा अभियान द्वारा भी समय - / समय पर 3¼
अवलोकन के दौरान इन विद्यालयों को संबलन प्रदान किया जावे । साथ ही विद्यालय
अवलोकन प्रपत्र को शाला / दर्पण पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें । 3½

डाइट द्वारा चयनित विद्यालयों की सूची इस माह के अन्त तक संयुक्त / निदेशक 3¾
स्कूल शिक्षा के माध्यम से निदेशालय स्थानीय के एस आई क्यू ई अनुभाग की मेल आई डी
पर भिजवाना सुनिश्चित // करें । 4

संलग्न : लेब विद्यालय दिशा-निर्देश

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| निदेशक | निदेशक |
| माध्यमिक शिक्षा म.प्र. | प्रारम्भिक शिक्षा म./प्र. 4¼ |
| भोपाल | भोपाल |
| क्रमांक : 1561 | दिनांक : 05/08/2019 |

प्रतिलिपि :

1. समस्त अनुभाग शासन सचिवालय / शिक्षा 4½

2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक / माध्यमिक)

3. समस्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक // माध्यमिक) 4¾

4. समस्त डाइट प्रधानाचार्य

5. समस्त अनुभाग स्थानीय कार्यालय

हस्ताक्षर

निदेशक

प्रारम्भिक शिक्षा विभाग

म.प्र., भोपाल// 5

### तृतीय खण्ड

(इसे **80** शब्द प्रति मिनट की गति से लिखा जाए)

### प्रोत्साहन का महत्त्व

उन्नीसवीं सदी के मशहूर पेंटर डांटे ग्रैबील रोसेटी के पास एक अधेड़ उम्र का
व्यक्ति पहुँचा । / उसके पास कुछ स्कैच और ड्रॉइंग्स थीं, जिनको वह रोसेटी को **1/4**
दिखाकर उनकी राय जानना चाहता था कि वे / अच्छी हैं या नहीं । रोसेटी ने ध्यान से **1/2**
उन ड्रॉइंग्स को देखा । वह जल्दी ही समझ गए कि / वे किसी काम की नहीं है और **3/4**
उसे बनाने वाले में नहीं के बराबर आर्टिस्टिक टैलेंट है ।

वे उस // व्यक्ति को दुःखी नहीं करना चाहते थे पर साथ ही वे झूठ भी नहीं 1
बोलना चाहते थे, इसीलिए उन्होंने / बड़ी सज्जनता से कह दिया कि इन ड्रॉइंग्स में 1¼
कोई खास बात नहीं है । उनकी बात सुनकर व्यक्ति थोड़ा / निराश हुआ । लेकिन 1½
शायद वह पहले से ही ऐसी उम्मीद कर रहा था । उसने रोसेटी से उनका समय / लेने 1¾
के लिए माफी मांगी और अनुरोध किया कि यदि सम्भव हो तो वे एक यंग आर्ट स्टूडेंट
द्वारा बनाई // कुछ पुरानी पेंटिंग्स भी देख लें । 2

रोसेटी तुरन्त तैयार हो गए और एक पुरानी फाइल में लगी कृतियाँ देखने / 2¼
लगे । उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा –

"वाह ! ये पेंटिंग्स तो बहुत अच्छी हैं, / इस नौजवान में बहुत टैलेन्ट है । उसे 2½
हर तरह का प्रोत्साहन दीजिए । एक दिन वह महान पेंटर बनेगा /।" 2¾

रोसेटी की बात सुनकर उस व्यक्ति की आँखे भर आई ।

'कौन है वह नौजवान ?' // रोसेटी ने पूछा । 3

'तुम्हारा बेटा ?' व्यक्ति बोला – नहीं, ये मैं ही हूँ, तीस / साल पहले का मैं । 3¼

यदि उस समय किसी ने आपकी तरह प्रोत्साहित किया होता तो आज मैं पछताने की
/ जगह एक खुशहाल जिंदगी जी रहा होता । 3½

## मानसिक दुर्बलता

अशुभ चिन्तन मानसिक दुर्बलता का प्रतीक है । इससे / मन की कार्य करने की 3¾
शक्तियाँ विनष्ट होती हैं । उत्साह क्षीण होता है । आशावादिता नष्ट होती है । // जैसे 4
योग, आसन और व्यायाम के बगैर मानव शरीर पुष्ट नहीं होता है । ठीक उसी प्रकार
मन का / कार्य सम्पन्न करने के लिए कुछ न कुछ मानसिक योग – व्यायाम भी 4¼
आवश्यक है ।

जिस मानव में असीम / शारीरिक शक्ति हो लेकिन मन का स्वरूप पूर्ण विकसित न हो उसे पूर्ण मनुष्य नहीं कहा जा सकता । 4½

क्या / आपके मन में बीते हुए दुर्बल और हानिकारक विचार उत्पन्न होते हैं ? 4¾

ऐसे विचारों के लिए अन्तःकरण // शुद्ध कीजिए । इन्हें स्वच्छ करना बहुत 5
जरूरी है । समस्त रोग, शोक, दुःख और निराशा के / विचार मानसिक संस्थान में 5¼
विषैले कीटाणु उत्पन्न करते हैं । इसलिए इनसे मुक्त रहने का प्रयास करते रहना चाहिए /। 5½

मन का मैल निकाल देने पर व्यक्ति उत्तम रीति से कार्य सम्पन्न कर सकता है ।

व्यक्ति का पहला / मानसिक दोष उसकी अत्यधिक चंचलता है । स्वभावतः 5¾
मन चंचल है किन्तु उसका रंग-बिरंगी तितली के भाँति // एक फूल से दूसरे फूल पर 6
मंडराना गलत है ।

कोई तत्त्व, विशेष विचार या भावना को ले लीजिए / । वह चाहे जैसा शुष्क 6¼
क्यों न हो उस पर मन की समग्र वृत्तियों को एकाग्र कर दीजिए । मन / कुछ समय 6½
उपरान्त भागेगा, किन्तु आप संयम द्वारा बाँधे रखिए । विचलित न हों । इस क्रिया से
मन / में दृढ़ता आएगी । मनन करना मन का सर्वश्रेष्ठ व्यायाम है । मनुष्य द्वेष, ईर्ष्या से 6¾
दूर रहता है ।// 7

---